**01-06-2020**

ई-कॉमर्स मंच फ्लिपकार्ट तथा कर्नाटक राज्य आम (मैंगो) विभाग एवं विपणन निगम ने मंगलवार को एक समझौता किया जिससे फ्लिपकार्ट प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रदेश के आम उत्पादक किसानों को अपने फल उत्पाद की ऑनलाइन बिक्री करने में मदद मिलेगी।

कोरोना वायरस महामारी से उपजी चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर वान देर बेलेन ने सहमति जताई।

केंद्र सरकार ने कहा कि भारत में कोविड-19 से मृत्यु दर विश्व में सबसे कम 2.87 प्रतिशत है।

आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) के पूर्व अध्यक्ष विमल गांधी का निधन हो गया। गांधी 75 वर्ष के थे।

फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष (2020-21) में भारतीय अर्थव्यवस्था में पांच प्रतिशत की गिरावट का अनुमान लगाया है।

अंतरिक्ष स्टार्टअप कंपनी वेस्टास्पेश टैक्नालाजी देश में 5जी सेवाओं के लिये सितंबर से 35 से अधिक उपग्रह को अंतरिक्ष में भेजना शुरू करेगी, कंपनी 2021 तक इस नई पीढी का नेटवर्क चालू करना चाहती है।

दूसरी सबसे बड़ी राष्ट्रीय तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने ग्राहकों की सुविधा के लिये देशभर में व्हटसएप के जरिये रसोई गैस बुकिंग करने की सेवा शुरू करने की घोषणा की।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने 2020-21 में होने वाले आईओए सदस्यों के चुनाव के लिये पर्यवेक्षकों को चुनने के मकसद से अपने उपाध्यक्ष वी डी नानावटी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया।

फुटबॉल की वैश्विक संस्था फीफा ने सभी फुटबॉल से जुडी गतिविधियों से हैती फुटबाल महासंघ के अध्यक्ष वेस जीन-बार्ट को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है।

कार बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने अपने ग्राहकों को बेहतर कर्ज सुविधा उपलब्ध कराने के लिये आईसीआईसीआई बैंक के साथ हाथ मिलाया है।

## 02-06-2020

राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) ने डॉ. अनामिका रे मेमोरियल ट्रस्ट के सहयोग से, कोविड-19 महामारी के संदर्भ में जन जागरूकता फैलाने के लिए सभी (ए-टू-जेड) महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने वाली लोकप्रिय मल्टीमीडिया गाइड का हिंदी संस्करण जारी किया है।

भारतीय वायु सेना ने कोयंबटूर के समीप सुलूर वायु सेना स्टेशन में चौथी पीढ़ी के एलसीए तेजस विमान से लैस अपनी 18 वीं स्क्वाड्रन ''फ्लाइंग बुलेट्स'' का संचालन शुरू किया।

जीई पावर इंडिया (जीईपीआईएल) ने कहा कि उसने महेश पलाशीकर को अध्यक्ष नियुक्त किया है।

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आर के एस भदौरिया ने सुलूर वायुसेना स्टेशन पर एक सीट वाला हल्का तेजस विमान उड़ाया।

ब्रिक्स समूह देशों के नव विकास बैंक (न्यू डेवलपमेंट बैंक) ने मार्कोस प्राडो ट्रॉयजो को अपना अध्यक्ष नियुक्त किया। वह ब्राजील के वित्त मंत्री रह चुके हैं।

आर श्रीलेखा केरल में पहली महिला पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) होंगी। राज्य सरकार ने बड़ा फेरबदल करते हुए श्रीलेखा को दमकल और बचाव सेवा का डीजीपी नियुक्त किया।

जापान के मंत्रिमंडल ने 32,000 अरब येन (296 अरब डॉलर) के अनुपूरक बजट को मंजूरी दे दी, यह बजट कोविड-19 संकट से अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए 1,100 अरब डॉलर का कोष बनाने में मदद करेगा।

भारतीय ओलंपिक संघ ने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला की अगुवाई में 11 सदस्यीय ओलंपिक समिति का गठन किया जो 2020-21 सत्र में अपने सदस्यों के सालाना अनुदान और मान्यता फीस की निगरानी करेगी।

एमएसएमई क्षेत्र के करीब 4 लाख उद्यमी कोविड-19 के बाद कारोबार को फिर से खड़ा करने को लेकर एक प्रशिक्षण सत्र में शामिल हुए, इसके साथ इन उद्यमियों ने अबतक के इस सबसे बड़े ऑनलाइन व्यापार पाठ्यक्रम का गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड भी बनाया, इस पाठ्यक्रम को 98 लाख मिनट से अधिक देखा गया।

तमिलनाडु सरकार ने 17 कंपनियों के साथ 15,100 करोड़ रुपये से अधिक के नए निवेश समझौते किए हैं, जिससे राज्य में लगभग 47,150 लोगों को रोजगार मिलेगा।

## 03-06-2020

जर्मनी के स्टटगार्ट की वाहन कंपनी डेमलर ने कहा है कि उसकी भारतीय अनुषंगी ने 2,277 करोड़ रुपये के निवेश के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ दूसरे सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू के जरिये कंपनी अपने यहां के कारखाने में वाणिज्यिक वाहनों का उत्पादन बढ़ाएगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आधार-आधारित ई-केवाईसी का उपयोग करके पैन कार्ड के तत्काल आवंटन की सुविधा को औपचारिक रूप से लॉन्च कर दिया।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल गिरीश चंद्र मुर्मू ने राजभवन में सेवानिवृत्त नौकरशाह बी आर शर्मा को जम्मू-कश्मीर लोक सेवा आयोग (जेकेपीएससी) के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई।

भारत में वित्त वर्ष 2019-20 में रिकॉर्ड 49.97 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया। यह वित्त वर्ष 2018-19 की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है।

मलयालम दैनिक 'मातृभूमि' के प्रबंध निदेशक एवं पीटीआई के निदेशक मंडल के एक सदस्य एम पी वीरेंद्र कुमार का निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे।

उत्तराखंड के उद्यमशील युवाओं और कोविड-19 के कारण राज्य में लौटे प्रवासी कामगारों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने हेतु मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की शुरुआत की।

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने महाराष्ट्र में 450 किलोमीटर के राज्य राजमार्गों और प्रमुख जिला सड़कों को बेहतर बनाने के लिये 17.7 करोड़ डॉलर के ऋण को मंजूरी दी।

चीन की वाहन कंपनी ग्रेट वाल मोटर कंपनी (जीडब्ल्यूएम) ने जेम्स यांग को अपनी भारतीय अनुषंगी का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

भारती एयरटेल और नॉडविन गेमिंग ने भारत में ई-स्पोर्ट्स क्षेत्र को विकसित करने के लिए साझेदारी की घोषणा की।

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने कहा कि कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए लगाए गए लॉकडाउन से आर्थिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 5 प्रतिशत घट सकती है।

## 04-06-2020

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि बीते वर्ष 2019-20 की चौथी तिमाही में घटकर 3.1 प्रतिशत पर आ गई।

वरिष्ठ नौकरशाह अरुण सिंघल को भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

महालेखा नियंत्रक (CAG) के आंकड़े के अनुसार वित्त वर्ष 2019-20 के लिये राजकोषीय घाटा 4.59 प्रतिशत जबकि राजस्व घाटा 3.27 प्रतिशत रहा।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, कोरोनॉयरस लॉकडाउन के कारण अप्रैल में भारत का कोर सेक्टर आउटपुट रिकॉर्ड 38.1% घट गया।

केंद्र ने 2020-21 के दौरान छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन के कार्यान्वयन के लिए 445 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं।

जनजातीय कार्य मंत्रालय ने 23 लघु वन उत्पादों को न्यूनतम समर्थन मूल्य सूची में शामिल किया है।

छत्तीसगढ़ के पहले मुख्यमंत्री अजीत प्रमोद कुमार जोगी का 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

प्रसिद्ध ज्योतिषी बेजान दारूवाला का अहमदाबाद में निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे।

गीतकार योगेश गौड़, जिन्होंने 'कहीं दूर जब दिन ढल जाए' और 'जिंदगी कैसी है पहेली' जैसे गीतों के बोल लिखे, का 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

दुनिया का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक प्लेन 'ई कैरावैन' ने अपनी पहली सफल उड़ान भरी, जो लगभग 30 मिनट तक चली।

## 05-06-2020

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने टोक्यो ओलंपिक खेलों के लिए अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) के संशोधित ओलंपिक क्वालीफाइंग सिस्टम को अपनी मंजूरी दे दी है, क्वालीफाइंग अवधि को अब 30 अप्रैल 2021 तक बढ़ा दिया गया है।

भारतीय मूल के अमेरिकी आविष्कारक राजीव जोशी को इलेक्ट्रॉनिक उद्योग को बढ़ावा देने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षमताओं को बेहतर बनाने में योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'इन्वेंटर ऑफ इयर' पुरस्कार दिया गया है।

क्रिकेट सुपरस्टार विराट कोहली 26 मिलियन अमरीकी डालर की कुल कमाई के साथ दुनिया में सबसे अधिक कमाई करने वाले खिलाड़ियों की फोर्ब्स की 2020 लिस्ट में एकमात्र भारतीय हैं, 100 खिलाड़ियों की इस सूची में 66वें स्थान पर काबिज हैं।

बीसीसीआई ने राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार 2020 के लिए रोहित शर्मा को नामांकित किया है, जबकि इशांत शर्मा, शिखर धवन और दीप्ति शर्मा को अर्जुन पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है।

दक्षिण अफ्रीका के सीमित ओवरों के कप्तान क्विंटन डी कॉक और तेज गेंदबाज लुंगी एनगिदी को क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) पुरुष अंतर्राष्ट्रीय अवॉर्ड 2019-20 के लिए नामांकित किया गया है।

आरबीआई ने सिटी बैंक पर मानदंडों का पालन नहीं करने के लिए ₹ 4 करोड़ का जुर्माना लगाया है।

यस बैंक लिमिटेड ने डायरेक्ट-टू-होम सेवा प्रदाता, डिश टीवी इंडिया लिमिटेड में 24.19% हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया।

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पुनर्वास प्रयासों के लिए ₹ 6,250 करोड़ के चक्रवात अम्फन राहत कोष की घोषणा की।

आईटी सेवाएं मुहैया कराने वाली प्रमुख कंपनी विप्रो ने कैपजेमिनी समूह के थिएरी डेलापोर्ट को अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है, उनकी नियुक्ति 6 जुलाई से प्रभावी होगी।

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी ने ई-पाठ्यक्रम 'अंडरस्टैंडिंग गुड गवर्नेंस' की शुरुआत की।

## 06-06-2020

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) 'ग्रासरूट' के खिलाड़ियों को पहली बार राष्ट्रीय स्तर की ओपन ऑनलाइन कोचिंग और शिक्षा कार्यक्रम उपलब्ध कराने के लिये एक जून से राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के साथ मिलकर खेलो इंडिया ई-पाठशाला शुरू किया।

सरकार ने एक राष्ट्रीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता पोर्टल, www.ai.gov.in शुरू किया है।

पूर्व प्रधान न्यायाधीश, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) के जी बालाकृष्णन ने मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में छह साल पूरे होने के उपलक्ष्य में पुस्तक 'नरेंद्र मोदी-हारबिंजर ऑफ प्रॉस्पैरिटी एंड अपोस्टल ऑफ वर्ल्ड पीस' का विमोचन किया।

मेलबर्न ओलंपिक 1956 में 100 मीटर, 200 मीटर और चार गुणा 100 मीटर में स्वर्ण पदक जीतने वाले फर्राटा धावक बॉबी जो मोरो का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

बाजार नियामक (सेबी ने बैंक ऑफ राजस्थान के पूर्व प्रवर्तकों समेत पांच इकाइयों पर कथित भेदिया कारोबार मामले में 3 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

टोक्यो ओलंपिक का कोटा हासिल कर चुकी यशस्विनी देसवाल ने चौथी आनलाइन अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल का स्वर्ण पदक जीता।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने अपनी सरकार का एक वर्ष पूरा होने के मौके पर अपनी महत्वपूर्ण योजना 'रायतु भरोसा केंद्रालु' (आरबीके) की शुरूआत की।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि वह जी7 शिखर सम्मेलन को सितंबर तक स्थगित कर रहे हैं।

नासा के दो अंतरिक्ष यात्री रॉबर्ट बेनकेन और डगलस हर्ले के साथ, स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने कैनेडी स्पेस सेंटर से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए सफलतापूर्वक उड़ान भरी।

रोजर फेडरर फोर्ब्स की सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एथलीटों की सूची में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले टेनिस खिलाड़ी बन गए हैं।

**07-06-2020**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि और उससे संबधित गतिविधियों के लिए बैंक से तीन लाख रूपए तक की अल्पकालिक ऋणों को चुकाए जाने की समय सीमा बढ़ाने को मंजूरी दे दी है, यह रियायत 1 मार्च 2020 से 31 अगस्त 2020 के बीच चुकाए जाने वाले ऋणों के लिए दी गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चैंपियन्स यानी क्रिएशन एंड हार्मोनियस एप्लीकेशन ऑफ मार्डन प्रोसेसेज फॉर इंक्रीजिंग द आउटपुट एंड नेशनल स्ट्रेंथ नाम के पोर्टल को लॉन्च किया।

भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज टीनू योहन्ना को केरल क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने रेहड़ी विक्रेताओं को सस्ते ब्याज पर ऋण प्रदान करने के लिए एक विशेष माइक्रो-क्रेडिट सुविधा योजना – पीएम स्व-निधि (PMSVANidhi) प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्म निर्भर निधि शुरू की है।

तनावग्रस्त एमएसएमई को इक्विटी सहायता प्रदान करने के लिए अधीनस्थ ऋण के रूप में 20,000 करोड़ रुपये के प्रावधान का प्रस्ताव कैबिनेट द्वारा औपचारिक रूप से अनुमोदित किया गया है।

किसानों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से, कैबिनेट ने 14 खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 50-83 प्रतिशत की वृद्धि की मंजूरी दी।

मध्य प्रदेश कैडर के 1987 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आर. के. चतुर्वेदी ने रसायन और उर्वरक मंत्रालय, के रसायन और पेट्रो रसायन विभाग के सचिव के रूप में पदभार संभाल लिया है।

लंदन स्थित एचएसबीसी ने कोरोना वायरस महामारी के बाद के परिदृश्य में वृद्धि की योजनाओं का खाका तैयार करने के लिये भारतीय मूल के एक रणनीति विशेषज्ञ चीरा बरुआ की नियुक्ति की है।

लक्ष्मी विलास बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुब्रमण्यन सुंदर का कार्यकाल भारतीय रिजर्व बैंक की मंजूरी मिलने के बाद बढ़ा दिया गया है।

बिजली कारोबार मंच इंडियन एनर्जी एक्सचेंज ने बिजली की मांग को तत्काल पूरा करने का बाजार (रीयल टाइम मार्केट) शुरू किया, इससे बिजली कंपनियां अपनी जरूरत के अनुसार केवल एक घंटे पहले बिजली की खरीद-बिक्री कर सकेंगी।

## 08-06-2020

आईएएनएस-सी वोटर स्टेट ऑफ द नेशन 2020 सर्वे में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 65.69 प्रतिशत भारतीय संतुष्ट हैं। ऐसे समय में जब महामारी ने कई विश्व नेताओं की अनुमोदन रेटिंग को गिरा दिया है, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 58.36 प्रतिशत भारतीय मोदी के प्रदर्शन से बहुत संतुष्ट हैं।

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल को हॉकी इंडिया (एचआई) ने राजीव गांधी खेल रत्न के लिए नामांकित किया है। उनके अलावा वंदना कटारिया, मोनिका और हरमनप्रीत सिंह को अर्जुन अवार्ड के लिए नामांकित किया है।

आम लोगों के अभिनव कीटाणुशोधन और स्वच्छता समाधानों को एनआईएफ के चैलेंज कोविड-19 कॉम्पिटिशन (सी3) में चुना गया।

एक कोविड-19 परीक्षण प्रयोगशाला पूर्वोत्तर विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (एनईआईएसटी) के जोरहाट परिसर में स्थापित की गई है।

रिजर्व बैंक के साथ सीमा से अधिक शेयरधारिता के मामले में लम्बे समय से कानूनी दाव-पेंच में उलझे अरबपति बैंकर उदय कोटक 'कोटक महिंद्रा बैंक' की अपनी 2.83 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेंगे। समझा जाता है कि वह इसे कम से कम 6,804 करोड़ रुपये में बेचने वाले हैं।

विश्वबैंक ने पयार्वरण खराब होने, जलवायु परिवर्तन से जुडे जोखिमों का निदान करने के लिये पाकिस्तान को 18.80 करोड़ डालर का कर्ज देने की प्रतिबद्धता जताई है।

सरकारी बिजली कंपनी एनटीपीसी ने कूड़े से बिजली बनाने के लिये पूर्वी दिल्ली नगर निगम (ईडीएमसी) के साथ एक संयुक्त उपक्रम स्थापित की है।

ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज़ इनवेस्टर्स सर्विस ने भारत की सावरेन (राष्ट्रीय) रेटिंग को 'बीएए2' से घटाकर 'बीएए3' कर दिया।

मैक्स इंडिया ने कहा कि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मैक्स इंडिया की स्वास्थ्य सेवा परिसंपत्तियों को मैक्स हेल्थकेयर के साथ विलय करने और कंपनी के शेष बचे कारोबार को उसके अलग कर एडवेटा के साथ मिलाने की योजना को मंजूरी दे दी।

गेंदबाज जेस केर और विकेटकीपर नताली डोड को पहली बार 2020-21 सत्र के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट की तरफ से केन्द्रीय अनुबंध की पेशकश की गयी है जिसमें महिला टीम की 17 खिलाड़ी शामिल है।

## 09-06-2020

बिजली मंत्री आर के सिंह ने औपचारिक रूप से देश भर में विद्युत की तुरंत खरीद-बिक्री वाले बाजार की शुरूआत की, इस बाजार में ग्राहक आपूर्ति से महज एक घंटा पहले बिजली खरीद सकेंगे।

वीरेंद्र नाथ दत्त, निदेशक (विपणन), नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड - एनएफएल ने कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया है।

अनुभवी राजनयिक और विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव रवीश कुमार को फिनलैंड में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज के तहत करीब 42 करोड़ गरीबों को 53,248 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी गयी है।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा के नाम की अनुशंसा देश के सर्वश्रेष्ठ खेल पुरस्कार राजीव गांधी खेल रत्न के लिये करने की पुष्टि की।

हॉल आफ फेम का हिस्सा रहे और नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप (एनबीए) के इतिहास के 50 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल वेस अनसेल्ड का 74 साल की उम्र में निधन हो गया।

टोक्यो ओलंपिक एक साल के लिये स्थगित होने के बाद आस्ट्रेलियाई तैराकी टीम के मुख्य कोच जाको वेरहारेन ने पद छोड़ दिया जिससे अब रोहन टेलर पर टीम की जिम्मेदारी होगी।

सारेगामा ने फेसबुक के साथ एक वैश्विक समझौता किया है, जिसके तहत फेसबुक और इंस्टाग्राम पर उसके संगीत का इस्तेमाल वीडियो और अन्य अनुभवों के लिए किया जा सकेगा।

ऐप्पल ने भारत में ऐप्पल सर्विसेज के कंट्री मैनेजर के रूप में पूर्व हॉटस्टार प्रेसिडेंट ऑफ़ स्ट्रेटजी एंड न्यू वेंचर्स, इप्सिता दासगुप्ता को नियुक्त किया है।

पाकिस्तान के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर रियाज़ शेख का निधन 51 वर्ष की आयु में कोरोनोवायरस के कारण हुआ।

## 10-06-2020

भारत और ऑस्ट्रेलिया ने खनिजों के खनन, आपसी लॉजिस्टिक समर्थन, रक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में सहयोग, सार्वजनिक प्रशासन और शासन सुधार, व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण, जल संसाधन प्रबंधन में सहयोग और साइबर सक्षम महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी पर सहयोग सहित सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

भारत और ऑस्ट्रेलिया ने एक वर्चुअल शिखर सम्मेलन के बाद व्यापक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की दोनों देशों ने भारत-प्रशान्त क्षेत्र में समुद्री सहयोग पर एक साझा दृष्टिपत्र भी जारी किया है।

साइंस एंड इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड (एसईआरबी) ने हिसार, हरियाणा स्थित आईसीएआर-एनआरसी के नेशनल सेंटर फॉर वेटरनरी टाइप कल्चर (एनसीवीटीसी) के एक अध्ययन के लिए समर्थन को मंजूरी दे दी है, जो कोरोनविरस के खिलाफ एंटीवायरल के लिए अपनी लाइब्रेरी के 94 छोटे अणुओं की स्क्रीनिंग करेगा।

"रजनीगन्धा" और "चितचोर" जैसी आम जनमानस से जुड़ी, हल्के फुल्के अंदाज वाली फिल्मों के लिए पहचाने जाने वाले अनुभवी फिल्म निर्माता बासु चटर्जी का निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे।

अक्षय कुमार की मशहूर फिल्म 'खिलाड़ी' में 'वादा रहा सनम' जैसा मशहूर गीत लिखने वाले जाने-माने गीतकार अनवर सागर का निधन हो गया। वह 70 वर्ष के थे।

अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज कोच जयंतीलाल नानोमा का राजस्थान में निधन हो गया। वह 34 के थे।

1993 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी सिबि जॉर्ज को कुवैत में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है।

सॉफ्टवेयर प्रमुख एडोब ने सेल्सफोर्स के वरिष्ठ एक्जीक्यूटिव नितिन सिंघल को भारत में डिजिटल एक्सपीरियंस बिजनेस के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया।

छह आईआईटी सहित, आठ भारतीय संस्थानों ने टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचई) एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग के टॉप 100 में जगह बनाई है।

अमेरिकी निजी अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स ने 60 स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रहों का एक नया बैच सफलतापूर्वक कक्षा में लॉन्च किया।

## 11-06-2020

कोविड-19 महामारी के कारण कार्डिफ हाफ मैराथन को अगले साल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। मैराथन का आयोजन इस साल 4 अक्टूबर को होना था, लेकि अब इसका आयोजन मार्च 2021 में होगा।

दक्षिण पश्चिम रेलवे (एसडब्ल्यूआर) जोन का मुख्यालय हुबली स्टेशन एक ऐसा प्लेटफार्म बना रहा है, जो भारत और दुनिया के सबसे बड़े गोरखपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म को पछाड़ देगा।

भारतीय कप्तान विराट कोहली लॉकडाउन के दौरान इंस्टाग्राम पर प्रायोजित पोस्ट के जरिये कमाई करने वाले दुनिया भर के खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र क्रिकेटर हैं।

एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने 1979 के बाद पहली बार 2022 महिला एशियाई कप की मेजबानी के अधिकार भारत को दिये हैं।

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी डिजिटल इकाई जियो प्लेटफार्म्स में अबू धाबी स्थित निवेश कंपनी मुबाडाला को 9,093.60 करोड़ रुपये में 1.85 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की घोषणा की।

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने दिल्ली से सटे हरियाणा के गुरूग्राम में पांच मेगावाट क्षमता का सौर बिजली संयंत्र लगाया है।

इंजीनियरिंग और निर्माण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को तेलंगाना सरकार से सिंचाई परियोजना के लिए एक बड़ा ठेका मिला है।

गुजरात सरकार ने कोविड-19 से प्रभावित राज्य की अर्थव्यवस्था को उबारने के लिए 14,000 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की घोषणा की।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में निवेश प्रस्तावों के तेजी से क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए एक नया एमओयू निगरानी तंत्र शुरू किया है।

एग्वा हेल्थकेयर के लिए 1.2 लाख वेंटिलेटर कलपुर्जों के विनिर्माण के लिए एचपी इंक ने भारत में रेडिंगटन 3डी के साथ साझेदारी की है।

## 12-06-2020

बायोकॉन की कार्यकारी अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक किरण मजूमदार शॉ को एक आभासी पुरस्कार समारोह में 'ईवाई वर्ल्ड एंट्रेप्रन्योर ऑफ द ईयर 2020' का पुरस्कार दिया गया।

बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार इकलौते भारतीय सेलिब्रेटी हैं जो सबसे ज्यादा कमायी करने वाली हस्तियों की 2020 की सूची में शामिल हैं। कर देने से पहले उनकी कुल कमायी 4.85 करोड़ डॉलर की है।

मिजोरम, मणिपुर और झारखंड के पूर्व राज्यपाल तथा 1980 के दशक में दिल्ली पुलिस आयुक्त के तौर पर सेवा दे चुके वेद मारवाह का गोवा में निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे।

भारत ने मलेशिया से आयातित इलेक्ट्रॉनिक कैलकुलेटर पर पांच साल के लिए डंपिंग रोधी शुल्क लगा दिया है। यह कदम घरेलू कंपनियों को सस्ते आयात से संरक्षण देने के लिए उठाया गया है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये नागपुर के पास वेस्टर्न कोलफील्ड्स की अदासा कोयला खान का उद्घाटन किया।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में नौकरी की तलाश कर रहे मजदूरों की सुविधा के लिए एक ऑनलाइन श्रम विनिमय कार्यक्रम शुरू किया।

पूर्व भारतीय खिलाड़ी अंजू जैन और देविका पालशिखर को बड़ौदा महिला क्रिकेट टीम के सहयोगी स्टाफ में शामिल किया गया।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) और खेल मंत्रालय ने भारत में 10 स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने वाली विशेष फिल्मों की एक श्रृंखला बनाने के लिये हाथ मिलाया है।

बॉलीवुड प्रोड्यूसर अनिल सूरी, जिन्होंने राजकुमार और रेखा स्टारर कर्मयोगी और राजतिलक जैसी फिल्मों को प्रोड्यूस किया, का निधन हो गया। वे 77 वर्ष के थे।

पूर्व संतोष ट्रॉफी खिलाड़ी हमसा कोया का केरल में निधन हो गया। वह 61 वर्ष के थे।

## 13-06-2020

राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के हस्ताक्षर के साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और किसानों कीमदद के लिये दो अध्यादेश लागू हो गए हैं। ये अध्यादेश हैं- कृषि उत्पाद व्यापारऔर वाणिज्य- प्रोत्साहन और सुविधा अध्यादेश-2020 तथा मूल्य आश्वासन और कृषि क्षेत्र सेवा अध्यादेश-2020

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद्- सीएसआईआर विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये अटल नवाचार मिशन (एआईएम) के साथ सहयोग करेगा।

केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास (डोनर) राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा तथा अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने मोदी सरकार 2.0 के अंतर्गत डोनर मंत्रालय की एक वर्ष की उपलब्धियों पर पुस्तिका और इसका ई-संस्करण लॉन्च किया।

आईआईटी- हैदराबाद के शोधकर्ताओं ने कोविड-19 परीक्षण किट विकसित करने का दावा किया है जो 20 मिनट के भीतर परिणाम दे सकता है।

भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने बीमा कंपनियों से कहा है कि यदि ऋण लेने वाला लीगल इंटिटी आईडेंटिफायर इंडिया लिमिटेड से एलईआई कोड नहीं प्राप्त करता है तो उसे ऋण नवीनीकरण या संवर्धन जारी न किया जाए।

बिज़नेस-टू-बिजनेस मार्केटिंग के दिग्गज टिम मैकडोनो ने इंटेल के उपाध्यक्ष और महाप्रबंधक के रूप में कंज्यूमर और बिजनेस पीसी के लिए मार्केटिंग ज्वाइन किया है।

भारतीय उद्योग परिसंघ--सीआईआई ने पर्यावरण संरक्षण संबंधी विभिन्न अनुकूल उपाय अपनाने के लिए त्रिच्ची रेलवे जंक्शन को प्रतिष्ठित गोल्ड रेटिंग प्रदान की है।

सरकार ने मां बनने की उम्र, मृत्यु दर कम करने और पोषण के स्तर में सुधार से संबंधित मुद्दों पर विचार के लिए एक कार्य दल का गठन किया है। इसकी प्रमुख जया जेटली होंगी।

लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के निदेशक मंडल ने ए एम नाईक को और तीन साल के लिए कंपनी के गैर-कार्यकारी चेयरमैन पद पर नियुक्ति को मंजूरी दी है।

प्रौद्योगिकी कंपनी रेडिट के सह-संस्थापक एलेक्सिस ओहानियन ने निदेशक मंडल से इस्तीफा दे दिया है।

# 14-06-2020

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने चक्रवात 'निसर्ग' से प्रभावित रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के लिए क्रमशः 75 करोड़ रुपये और 25 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कोरोना वायरस संक्रमित मरीजों के लिए वायरलेस शारीरिक मापदंडों की पहली स्वदेशी निगरानी प्रणाली 'कोविड बीप' ऐप की शुरुआत की।

सरकार ने भारत चरण-छह (बीएस-छह) उत्सर्जन मानकों वाले वाहनों को एक सेंटीमीटर का हरा स्टीकर लगाना अनिवार्य कर दिया है। यह आदेश एक अक्टूबर, 2020 से लागू होगा।

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विक्रम देव दत्त को दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग का प्रमुख सचिव नियुक्त किया गया है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने कहा कि 2019-20 के खाद्य सुरक्षा सूचकांक में गुजरात, तमिलनाडु और महाराष्ट्र अव्वल रहे हैं।

होनहार कन्नड़ फिल्म अभिनेता चिरंजीवी सर्जा का बेंगलुरु में निधन हो गया। वह 39 वर्ष के थे।

प्रख्यात लेखक व गीतकार जावेद अख्तर को तर्कसंगत विचार, धर्मनिरपेक्षता को अहमियत देते हुए मानव विकास और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए 2020 के प्रतिष्ठित रिचर्ड डॉकिंस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कारोबार में धोखाधड़ी करने के कारण ग्रीनक्रेस्ट फाइनेंशियल सर्विसेज, इसके दो कार्यकारी निदेशकों और 15 अन्य को पूंजी बाजार से तीन साल के लिये प्रतिबंधित कर दिया है।

आयरलैंड के पेशेवर 'मिक्स्ड मार्शल आर्टिस्ट' और मुक्केबाज कोनोर मैकग्रेगोर ने चार साल में तीसरी बार संन्यास की घोषणा की।

विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले अमेरिका के पहले पुरुष जिम्नास्ट कुर्ट थामस का निधन हो गया है। वह 64 साल के थे।

# 15-06-2020

भारतीय वायुसेना ने पृथक परिवहन (आइसोलेटेड ट्रांसपोर्टेशन ) के लिए एक एयरबोर्न रेस्क्यू पॉड का डिजाइन, विकास और निर्माण किया है। इसका उपयोग ऊंचाई वाले क्षेत्रों, अलग-थलग स्थानों तथा दूरदराज के क्षेत्रों से कोविड -19 सहित गंभीर संक्रामक रोगियों को निकालने के लिए किया जाएगा।

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लिए केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) की 18वीं खंडपीठ का उद्घाटन किया।

करदाताओं को सहूलियत देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सरकार ने एसएमएस के जरिए जीएसटीआर-3बी फॉर्म में 'शून्य जीएसटी मासिक रिटर्न' दाखिल करने की अनुमति दे दी है।

भारत और डेनमार्क ने बिजली क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिये सहमति पत्र (एमओयू) पर दस्तखत किये हैं।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 1.27 करोड़ मीट्रिक टन से अधिक गेहूँ की खरीद कर मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर पहुँच गया है।

विश्वबैंक ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी और उसकी रोकथाम के लिये 'लॉकडाउन' से इस साल वैश्विक अर्थव्यवस्था में 5.2 प्रतिशत की गिरावट आएगी।

विश्व बैंक ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में कोराना वायरस और उसकी रोकथाम के लिए लागू प्रतिबंधों के प्रभावों के चलते 3.2 प्रतिशत सिकुड़ेगी। इस बहुपक्षीय वित्तीय संगठन का कहना है कि कोविड-19 के झटके से देश की अर्थव्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गयी है।

साख निर्धारण से जुड़ी एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में चालू वित्त वर्ष में 5 प्रतिशत की गिरावट आने की आशंका है। उसने यह भी कहा कि सकल घरेलू उत्पाद का 1.2 प्रतिशत के बराबर वित्तीय प्रोत्साहन वृद्धि को थामने और उसे गति देने के लिये पर्याप्त नहीं है।

एमजी मोटर इंडिया ने चुनिंदा एमजी डीलरशिप पर इलेक्ट्रिक गाड़ियों के तेजी से चार्जिंग के लिये स्टेशन की स्थापना को लेकर टाटा पावर के साथ समझौता किया है।

चमोली जिले के गैरसैंण को उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किया गया है।

## 16-06-2020

ई-शिक्षा को और ज्यादा रचनात्मक बनाने के लिए, केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री, रमेश पोखरियाल 'निशंक' की उपस्थिति में नई दिल्ली में एनसीईआरटी और रोटरी इंडिया ने एनसीईआरटी के सभी टीवी चैनलों पर कक्षा 1-12 के लिए प्रसारित होने वाली ई-शिक्षण सामग्री के लिए समझौता ज्ञापन पर डिजिटल हस्ताक्षर किए।

बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत का 34 साल की उम्र में निधन हो गया है।

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग तथा एमएसएमई मंत्री नितिन गडकरी ने मोटर वाहन दस्तावेजों की वैधता तिथि को और बढ़ाकर 30 सितम्बर, 2020 तक करने की घोषणा की।

रोजमर्रा के उपभोक्ता सामान बनाने वाली प्रमुख कंपनी गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक गंभीर ने निजी कारणों के चलते अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

मर्सर के "वर्ष 2020- रहन सहन की लागत (कॉस्ट ऑफ लिविंग सर्वे) सर्वेक्षण" के अनुसार, वैश्विक स्तर पर प्रवासियों के लिए मुंबई विश्व में 60 वां सबसे महंगा शहर है, जबकि एशिया में यह 19 वें स्थान पर है।

इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन बायोरिसोर्स टेक्नोलॉजी (सीएसआईआर-आईएचबीटी) और हिमाचल प्रदेश के कृषि विभाग ने देश में हींग और केसर की पैदावार बढ़ाने के लिए रणनीतिक और कार्यान्वयन साझेदारी की है।

भारती एयरटेल ने कहा कि उसकी अनुषंगी इकाई ने बांग्लादेश की दूरसंचार कंपनी रोबी एक्सिआटा में एनटीटी डाकोमो से 6.3 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदी है।

भारतीय बधिर क्रिकेट टीम संयुक्त अरब अमीरात में 19 से 29 अक्टूबर तक होने वाले डीआईसीसी क्रिकेट वनडे विश्व कप - 2021 में भाग लेगी।

ऑनलाइन होटल बुकिंग सेवा देने वाली प्रमुख कंपनी ओयो ने डब्ल्यू. स्टीव अलब्रेश्ट को अपने निदेशक मंडल में गैर-कार्यकारी निदेशक के तौर पर नियुक्त किया है।

टायर निर्माता गुडइयर ने एक जून से संदीप महाजन को भारत परिचालन का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है।

## 17-06-2020

भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकारप्रोफेसर के विजयराघवन और डीएसटी के सचिव प्रोफेसर आशुतोष शर्मा ने 12 जून, 2020 को 'विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार नीति (एसटीआईपी) 2020 के सन्दर्भ में आम लोगों और विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त करने के लिए 'एसटीआईपी 2020 टाउन हॉल मीट - ट्रैक I' लॉन्च किया।

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के उप प्रबंध निदेशक के तौर पर वी. सत्य वेंकट राव ने कार्यभार संभाल लिया।

लाइटवेट मुक्केबाजी के पूर्व विश्व चैंपियन ओलेक्सांद्र गोजदिक ने संन्यास ले लिया है।

बुरुंडी के राष्ट्रपति पिएरे नकुरुंजिजा का 56 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

वित्त मंत्रालय ने कोविड -19 संकट के दौरान अपने संसाधनों को बढ़ाने के लिए 14 राज्यों को 6,195 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा अनुदान जारी किया।

एस एंड पी ने स्थिर परिदृश्य के साथ भारत की साख को 'बीबीबी-' के स्तर पर बरकरार रखा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि इस समय आर्थिक वृद्धि को लेकर जोखिम जरूर बढ़ रहा है, पर अर्थव्यवस्था और राजकोष के मोर्चे पर स्थिति स्थिर होगी और 2021 के बाद इसमें सुधार होगा।

विश्व प्रत्यायन दिवस (डब्यूएडी) प्रत्येक वर्ष 9 जून को व्यापार एवं अर्थव्यवस्था में प्रत्यायन की भूमिका को रेखांकित करने एवं बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।

कोरोना वायरस महामारी का अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन कार्यक्रम पर असर जारी है और अब विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) इस साल उपयुक्त तारीखें नहीं मिलने के बाद स्विस ओपन और यूरोपीय चैंपियनशिप रद्द कर दी।

चालू वित्त वर्ष में गहरे संकुचन के बाद भारत की अर्थव्यवस्था के अगले वित्त वर्ष में 9.5 प्रतिशत की दर से वृद्धि करने का अनुमान है। रेटिंए एजेंसी फिच रेटिंग्स ने जारी एक रपट में यह बात कही।

पैनेसिया बायोटेक ने कोविड-19 का टीका विकसित करने के लिए अमेरिका की रेफाना इंक के साथ आयरलैंड में एक संयुक्त उद्यम स्थापित किया है।

## 18-06-2020

मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल द्वारा जारी की गई राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क सूची 2020 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास ने समग्र श्रेणी में उच्च शिक्षा संस्थानों की सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

केरल में कोचिन स्थित एक स्टार्टअप वीएसटी मोबलिटी सॉल्यूशनंस ने स्वचालित मास्क डिस्पोजल मशीन लॉन्च किया है। यह कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई के हिस्से के तहत किया गया एक प्रयास है।

जम्मू कश्मीर के बडगाम जिले के रहने वाले, भारतीय रेलवे यातायात सेवा (आईआरटीएस) के अधिकारी साकिब यूसुफ श्रीनगर रेलवे के मुख्य क्षेत्र प्रबंधक का कार्यभार संभालने वाले पहले स्थानीय शख्स बन गए हैं।

आईडीबीआई बैंक ने कहा कि उसके बोर्ड ने अंशुमन शर्मा को सरकार नामित निदेशक नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है, उनकी नियुक्ति 11 जून 2020 से प्रभावी होगी।

दार्जिलिंग और कलिमपोंग पहाड़ी, सिलिगुड़ी तराई और दुआर्स क्षेत्र को "कंसोर्टियम ऑफ सेंट्रल यूनिवर्सिटी इन हिमालयन स्टडीज" में शामिल कर लिया गया है।

टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम ने देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिये चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिये अमेरिका की टेलस पावर ग्रीन के साथ गठजोड़ किया है।

राष्ट्रमंडल एथलेटिक्स महासंघ (सीजीएफ) कार्यकारी बोर्ड ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में मामूली बदलाव को मंजूरी दे दी जिससे इनका आयोजन अब 28 जुलाई से 8 अगस्त तक किया जायेगा।

एप आधारित टैक्सी सेवा देने वाली कंपनी उबर ने भारत में अपने प्रमुख प्रदीप परेश्वरन को एशिया प्रशांत का क्षेत्रीय महाप्रबंधक नियुक्त किया है।

पूर्ववर्ती योजना आयोग के सदस्य रहे डॉ. ए वैद्यनाथन का कोयंबटूर में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे।

टीवी अभिनेता जागेश मुकाती, जिन्हें 'अमिता का अमित' और 'श्री गणेश' जैसे धारावाहिकों के लिए जाना जाता है, निधन हो गया।

**19-06-2020**

प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी मृदा वैज्ञानिक रतन लाल को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने वाले खाद्य उत्पादन को बढ़ाने हेतु मृदा-केंद्रित दृष्टिकोण विकसित करने के लिए, इस साल का विश्व खाद्य पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गयी।लाल को 250,000 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार मिलेगा।

भारतीय रेलवे 1 हाई राइज ओवर हेड इक्विपमेंट (ओएचई) को चालू करके एक नया विश्व मानदंड बनाया है, इसमें 7.57 मीटर की तार की ऊंचाई होती है और पश्चिम रेलवे ने सफलतापूर्वक विद्युतीकृत क्षेत्र में डबल स्टैक कंटेनर चलाया है।

भारत सरकार ने वर्ष 2020-21 में महाराष्ट्र में 'जल जीवन मिशन' के कार्यान्वयन के लिए 1,829 करोड़ रुपये मंजूर किए।

'बाल श्रम निषेध दिवस' के अवसर पर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाल श्रम विद्या योजना शुरू की, जिसके तहत श्रमिकों के बच्चों को वित्तीय सहायता दी जाएगी, ताकि उनकी शिक्षा प्रक्रिया में कोई बाधा न हो।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और इंडियन फार्मर्स कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) ने किसानों के प्रशिक्षण व जागरूकता के लिये एक समझौते पर हस्ताक्षर किया।

कई परीक्षणों के बाद एकल आपातकालपीन हेल्पलाइन नंबर 112 को महाराष्ट्र के पांच शहरों में चालू किया गया है। यह नंबर संकट से जूझ रहे लोगों को पुलिस से संपर्क करने में मदद करेगा

न्यूजीलैंड के हैमिल्टन शहर में ब्रिटेन के उस नौसेना अधिकारी की कांसे की प्रतिमा हटा दी गई जिस पर 1860 के दशक में माओरी जनजाति के लोगों की हत्या करने का आरोप लगाया जाता है।

देश का सबसे बड़ा ऋणदाता, भारतीय स्टेट बैंक अपनी अनुषंगी एसबीआई लाइफ में कम-से-कम दो प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी 1,522.50 रुपये में बेचेगा।

वित्त वर्ष 2019-20 में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 44 प्रतिशत बढ़कर 90.47 करोड़ डॉलर हो गया। सरकारी आंकड़ों में इसकी जानकारी मिली।

पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री और दो बार के तृणमूल कांग्रेस विधायक अबानी मोहन जोरदार का निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे।

# 20-06-2020

जीएसटी परिषद ने 5 करोड़ रुपये तक के टर्नओवर वाले छोटे करदाताओं को राहत देते हुए फरवरी, मार्च और अप्रैल के रिटर्न दाखिल करने में देरी पर लगने वाले ब्याज को आधा कर दिया। अब इसकी दर 9 प्रतिशत रहेगी, हालांकि यह लाभ सिर्फ तभी मिलेगा, जब सितंबर 2020 तक रिटर्न दाखिल कर दिये जायेंगे।

वरिष्ठ उर्दू शायर आनंद मोहन जुत्शी उर्फ गुलजार देहलवी का निधन हो गया। वह 93 साल के थे।

भारत के प्रथम श्रेणी के सबसे वयोवृद्ध क्रिकेटर वसंत रायजी का निधन हो गया। वह 100 साल के थे।

न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेट मैट पूरे का निधन हो गया जिन्हें 1955 में बेंगलुरू में एक मैच के दौरान आवारा कुत्ते को पकड़ने के लिये याद किया जाता है। वह 90 वर्ष के थे।

सेकंड लेफ्टिनेंट अनमोल नारंग वेस्ट प्वाइंट स्थित अमेरिकी सैन्य अकादमी से स्नातक की डिग्री प्राप्त करने वाली पहली सिख महिला बनकर इतिहास रचा।

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल लिमिटेड ने निजी नियोजन के आधार पर बांड जारी कर 100 करोड़ रुपये जुटाने की घोषणा की है।

सिलिकॉन वैली के भारतीय अमेरिकी उद्यमी अजय जैन भुतोरिया को अगस्त में होने वाले डेमोकैटिक पार्टी राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए जो बाइडेन का प्रतिनिधि निर्वाचित किया गया है।

सरकार ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए मोटर कारों, बसों, लॉरियों और मोटरसाइकिलों में इस्तेमाल होने वाले कुछ खास किस्म के नए नूमैटिक टायरों के आयात पर प्रतिबंध लगाया।

लॉकडाउन के कारण सरकार ने खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों का एक हिस्सा ही जारी किया, जिसके मुताबिक मई में खाद्य मुद्रास्फीति में 9.28 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

आपूर्ति श्रृंखला समाधान पेश करने वाली कंपनी रेडिंगटन इंडिया ने रमेश नटराजन को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है।

## 21-06-2020

डॉ. रेड्डीज लेबोरेटरीज लिमिटेड ने गिलीड साइंसेस के साथ कोविड-19 की संभावित दवा रेमडेसिविर के उत्पादन के लिए गैर- विशिष्ट लाइसेंसिंग समझौता किया है। इसके तहत डॉ. रेड्डीज को रेमडेसिविर के विनिर्माण और भारत सहित दुनिया के 127 देशों में बिक्री का अधिकार मिलेगा।

दिल्ली में कोरोना महामारी से संक्रमित रोगियों के लिए बिस्तरों की कमी को ध्यान में रखते हुए केन्द्र ने 500 रेलवे कोच तुरंत उपलब्ध कराने का फैसला किया है।

यूटीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) ने इम्तियाजुर रहमान को कंपनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। कंपनी में यह पद करीब दो साल से रिक्त था।

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने कहा है कि उसने अपनी डिजिटल इकाई जियो प्लेटफार्म्स में 6,441.3 करोड़ रुपये में 1.32 प्रतिशत हिस्सेदारी टीपीजी और एल कैटरटॉन को बेची है।

स्टार रेसर काइल बुश ने होम्सटेड-मियामी स्पीडवे पर नैसकार ट्रैक्स सीरीज रेस जीत ली जो इस ट्रैक पर पिछली 10 रेस में उनकी आठवीं जीत है। यह बुश के करियर की 58वीं जीत हैं।

पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अजित अगरकर के फाउंडेशन 'अगरकर सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स' ने अनमैथ स्कूल के साथ मिलकर विशेष तौर पर तैयार किये गये ऑनलाइन गणित कौशल कार्यक्रम 'क्रिकेट मैथ' की शुरुआत की है।

स्पेसएक्स ने घोषणा की कि उसके फाल्कन 9 रॉकेट ने स्टारलिंक तारामंडल के लिए 58 और उपग्रहों को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है।

एक नई मकड़ी की प्रजाति का नाम स्वीडिश जलवायु प्रचारक ग्रेटा थुनबर्ग के नाम पर रखा गया है।

ऑटोमोबाइल प्रमुख टाटा मोटर्स ने कहा कि जेटी स्पेशल व्हीकल (जेटीएसवी) कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन जाएगी।

दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठी को बिहार सरकार द्वारा बिहार खादी का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है।

## 22-06-2020

केंद्र सरकार ने राज्य में सूखे और पानी की कमी की समस्याओं और भूजल प्रदूषण को देखते हुए राजस्थान के लिए जल जीवन मिशन योजना के तहत 2,522 करोड़ रुपये का आवंटन किया है, जो पिछले वित्त वर्ष में दी गई राशि का लगभग ढाई गुना है।

मेलबर्न के रॉकबैक उपनगर में एक नये आवासीय परिसर का निर्माण किया जा रहा है जिसमें गलियों के नाम सचिन तेंदुलकर, कपिल देव और विराट कोहली जैसे दिग्गज भारतीय क्रिकेटरों के नाम पर होंगे।

सिंगापुर स्थित रियल एस्टेट कंपनी मैप्लेट्री ने केएसएच इंफ्रा इंडस्ट्रियल पार्क के साथ सात लाख वर्ग फुट से अधिक जगह खरीदने के लिए एक समझौता किया है। यह सौदा चार करोड़ अमरीकी डालर (लगभग 300 करोड़ रुपये) में हुआ है।

लोकसभा के पूर्व सांसद और जनलक्ष्मी सहकारी बैंक के संस्थापक माधवराव पाटिल का महाराष्ट्र के नासिक जिले में निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे।

भारतीय ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा पोलैंड के ग्रैंडमास्टर रैडोस्लाव वोज्टास्जेक से अंतिम दौर का मुकाबला गंवाने के बाद शारजाह ऑनलाइन शतरंज चैंपियनशिप में 6.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

पेप्सिको फाउंडेशन ने महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में 200,000 लोगों को कवर करने के लिए अपनी जल पहल के विस्तार की घोषणा की, जो अपने घरों में पाइप जलापूर्ति करेंगे।

एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (एमएसएमई) के लिए एक अभिनव वेतन खाता सेवा 'सुरक्षा सैलरी अकाउंट' लॉन्च किया।

मासिक डब्ल्यूपीआई पर आधारित भारत की मुद्रास्फीति की वार्षिक दर मई, 2020 के दौरान (मई, 2019 की तुलना में) -3.21 प्रतिशत (अनंतिम) रही, जबकि इससे पिछले साल इसी महीने यह 2.79 प्रतिशत थी।

मुंबई स्थित क्यूकी डिजिटल मीडिया के सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक समीर बंगारा का 45 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने शिवमोग्गा के अपने राजनीतिक गढ़ में 220 करोड़ रुपये की हवाईअड्डा परियोजना के निर्माण की आधारशिला रखी।

**23-06-2020**

सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाली संस्था कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने कई स्थानों से दावों के निपटान की सुविधा शुरू की है, इसके साथ ही दावा निपटान के लिए भौगोलिक क्षेत्राधिकार की मौजूदा व्यवस्था को बदल दिया गया है।

भारत ने प्रसिद्ध श्रद्धालुओं के लिए पवित्र स्थल पर अवसंरचना में सुधार करने के मकसद से पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में 2.33 करोड़ रू की लागत से स्वच्छता केंद्र के निर्माण की प्रतिबद्धता जताई है।

वयोवृद्ध पत्रकार और स्वतंत्रता सेनानी दिनू रणदिवे का मुंबई में निधन हो गया। वह 95 साल के थे।

गोवा के पूर्व मंत्री अच्युत काशीनाथ उसगांवकर का निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे।

महावीर चक्र विजेता लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) राज मोहन वर्मा का कोविड-19 संक्रमण के कारण निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी ने कहा कि राज्य में 13 लाख से अधिक दिव्यांगों को लॉकडाउन के दौरान मदद के लिए 1000 रुपये की नकद सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

संयुक्त राष्ट्र संघ की व्यापार इकाई की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत को वर्ष 2019 में 51 अरब डालर का विदेशी निवेश प्राप्त हुआ और वह वर्ष के दौरान दुनियाभर में अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) पाने वाले देशों में नौवें नंबर पर रहा।

पूर्वी बर्दवान जिले के एक निजी स्कूल के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश करने वाले लोगों को संक्रमण मुक्त करने के लिए 'आयुर्वेदिक संक्रमण मुक्त सुरंग' का निर्माण किया है।

क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सीईओ केविन राबटर्स ने पद से इस्तीफा दे दिया जिनकी जगह टी20 विश्व कप के मुख्य कार्यकारी निक हॉकली को अंतरिम प्रभार दिया गया है।

वयोवृद्ध बैंकर प्रलय मंडल ने एक्सिस बैंक के कार्यकारी निदेशक और खुदरा बैंकिंग के प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया है।

## 24-06-2020

एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इनवेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) ने भारत को अपने यहां गरीब और वंचित परिवारों पर कोविड- 19 के दुष्प्रभावों के खिलाफ लड़ाई में मदद के लिये 75 करोड़ डालर (5,714 करोड़ रुपये) का ऋण मंजूर किया है।

कोरोना वायरस वैश्विक महामारी से निपटने में भारत की मदद करने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पेशकश के तहत अमेरिका ने भारत को 100 वेंटिलेंटर सौंपे, जिनकी कीमत करीब 12 लाख डॉलर है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि कोविड-19 के रोगियों को उचित दर पर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और मध्य प्रदेश जैसे कुछ राज्यों ने निजी क्षेत्र के साथ समझौता किया है।

एशियाई पैरालंपिक समिति (एपीसी) ने घोषणा की कि बहरीन अगले साल 1 से 10 दिसंबर के बीच चौथे एशियाई युवा पैरा खेलों की मेजबानी करेगा।

ओडिशा में बालासोर सदर निर्वाचन क्षेत्र के विधायक और भाजपा नेता मदन मोहन दत्त का निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे।

अग्रणी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजूकी इंडिया (एमएसआई) ने नये ग्राहकों को कार खरीदने के लिये सरल और लचीली वित्तपोषण सुविधा उपलब्ध कराने के लिये करुर वैश्य बैंक के साथ भागीदारी की है।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी अनुषंगी एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में 2.1 प्रतिशत हिस्सेदारी बिक्री पेशकश के जरिये बेची है। शेयरधारिता नियमों के अनुपालन के तहत यह हिस्सेदारी बेची गयी है।

दो बार के विश्व रैली चैंपियन कार्लोस सैंज को खेलों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये 'प्रिंसेस ऑ आस्तुरियास' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

बायर्न म्यूनिख ने राबर्ट लेवानडोवस्की के गोल की मदद से वर्डर ब्रेमेन को 1-0 से हराकर लगातार आठवीं बार बुंदेसलीगा का खिताब जीता।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पूर्व कप्तान आई एम विजयन के नाम की सिफारिश देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म श्री के लिये की है।

## 25-06-2020

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के अशांत मुस्लिम बहुल शिनजियांग क्षेत्र में उइगर अल्पसंख्यक समूहों के मानवाधिकार उल्लंघन की आलोचना करने वाले विधेयक पर हस्ताक्षर कर उसे कानूनी जामा पहना दिया है जिससे चीन के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

भारत शक्तिशाली संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के चुनाव में मिले जबरदस्त समर्थन की मदद से दो साल के लिए इसका अस्थायी सदस्य चुना गया है।

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने स्थानीय निकाय लेखा और बजट नियम 2020 को स्वीकार करने को मंजूरी दे दी। इससे शहरी स्थानीय निकायों यानी नगर पालिकाओं में संभावित आय-व्यय सहित दोहरी प्रवृष्टि वाली वाली लेखा प्रणाली (एबीडीईएएस) के क्रियान्वयन का रास्ता साफ होगा।

फिच रेटिंग्स ने भारत का आर्थिक परिदृश्य 'स्थिर' से बदलकर 'नकारात्मक' कर दिया। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि कोविड-19 महामारी ने इस वर्ष के लिए देश की वृद्धि संभावना को कमजोर किया है। साथ ही इससे सरकार पर बढ़ते कर्ज की चुनौती भी जुड़ी है।

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने कहा कि 'विकासशील एशिया' का हिस्सा रहे देश 2020 में 'बड़ी मुश्किल से वृद्धि' कर पाएंगे, जबकि चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 4 प्रतिशत संकुचित होने का अनुमान है।

नेटफ्लिक्स के सीईओ रीड हास्टिंग और उनकी पत्नी पैटी क्विलिन काले लोगों के ऐतिहासिक कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को 12 करोड़ डॉलर दान देंगे।

सैमसंग इंडिया ने कोविड-19 महामारी के खिलाफ जंग में सहयोग के लिए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को 2 करोड़ रुपए का योगदान दिया है।

नेपाल की नेशनल असेम्बली ने देश के राजनीतिक एवं प्रशासनिक नक्शे में भारत के तीन क्षेत्रों को शामिल करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक को सर्वसम्मति से पारित कर दिया।

इंग्लैंड के पूर्व आलराउंडर टिम ब्रेसनन ने तुरंत प्रभाव से यार्कशर काउंटी क्रिकेट को छोड़ने का फैसला किया है जिससे उनका इस क्लब के साथ 19 साल से चला आ रहा रिश्ता भी समाप्त हो गया।

पाकिस्तान के पहले पुरुष टीवी प्रस्तोता तारिक अजीज का निधन हो गया। अजीज 84 वर्ष के थे।

## 26-06-2020

जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मौजूदा अध्यक्ष सौरव गांगली तथा भारत की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कप्तान और बेंगलुरु एफसी के कप्तान सुनील छेत्री को अपना ब्रांड एम्बैसडर बनाया है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के अस्थायी सदस्य के तौर पर चुना गया भारत अगस्त 2021 में 15 देशों वाली शक्तिशाली परिषद के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निभाएगा।

खेल मंत्रालय देश भर में खिलाड़ियों की मदद के लिये जिला स्तर पर 1000 खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) स्थापित करेगा। इन केंद्रों का संचालन या तो पूर्व चैंपियन या फिर कोई कोच करेगा।

यूरोपीय खेलों के आयोजकों ने 2022 म्यूनिख खेलों के कार्यक्रम में गुरुवार को चार और खेलों को शामिल किया। इस चैम्पियनशिप में अब नौ खेल शामिल हो गये है जिसमें अब बीच वॉलीबॉल, कैनोइ स्प्रिंट, स्पोर्ट्स क्लाइम्बिंग और टेबल टेनिस को जगह दी गयी है।

डेमी वेरा मार्ग्रेट लिन, फोर्सेस स्वीटहार्ट, जिनके गीतों ने द्वितीय विश्व युद्ध में मनोबल बढ़ाने में मदद की, उनका 103 साल की उम्र में निधन हो गया।

मलयालम फिल्म के प्रख्यात निर्देशक एवं पटकथा लेखक के आर सच्चिदानंदन का त्रिशूर में निधन हो गया। वह 48 साल के थे।

कंक्रीट के पाइप बनाने वाली कंपनी इंडियन ह्यूम पाइप को उत्तर प्रदेश सरकार से 234.91 करोड़ रुपये का ठेका मिला है।

नासा ने कोविड-19 प्रभावों के वैश्विक दृष्टिकोण का अनावरण करने के लिए यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएएक्सए) के साथ भागीदारी की है।

वैश्विक टेक निवेशकों और 'राइट्स इश्यू' द्वारा किए गए निवेश ने रिलायंस इंडस्ट्री को शुद्ध ऋण-मुक्त कंपनी बना दिया है।

माइक्रोसॉफ्ट ने एडीआरएम सॉफ्टवेयर का अधिग्रहण किया है, जो बड़े पैमाने पर उद्योग डेटा मॉडल का एक प्रमुख प्रदाता है, जिसका उपयोग दुनिया भर में बड़ी कंपनियों द्वारा सूचना ब्लूप्रिंट के रूप में किया जाता है।

## 27-06-2020

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रवासी मजदूरों और ग्रामीण लोगों को आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने के लिए एक साथ छह राज्यों में गरीब कल्याण रोजगार अभियान की शुरूआत की। यह अभियान स्थानीय स्तर पर अवसंरचना निर्माण के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में मददगार होगा।

चीफ मास्टर सार्जेंट जोएन एस. बास को वायु सेना का 19वां चीफ मास्टर सार्जेंट चुना गया है और इसी के साथ वह किसी अमेरिकी सैन्य सेवा में शीर्ष 'एन्लिस्टिड लीडर' चुनी जाने वाली पहली महिला बन गई हैं।

अमेरिकी सीनेट ने विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के गैर-चिकित्सा क्षेत्र में मौलिक अनुसंधान को समर्थन देने वाली अमेरिका की शीर्ष संस्था 'राष्ट्रीय विज्ञान न्यास' के निदेशक के तौर पर जाने-माने भारतीय अमेरिकी वैज्ञानिक डॉ. सेतुरमन पंचनाथन के नाम की पुष्टि की है।

विश्व बैंक ने बांग्लादेश में तीन परियोजनाओं के लिए गुणवत्ता वाली नौकरियां बनाने और कोरोना महामारी के मद्देनजर आर्थिक सुधार में तेजी लाने के लिए 1.05 बिलियन डॉलर की मंजूरी दी है।

टेक महिंद्रा लिमिटेड को 'ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट' ने 2020 में काम करने के लिए भारत की 50 सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में शामिल किया है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल को राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) का चेयरमैन बनाया गया है।

पीरामल एंटरप्राइजेज लिमिटेड के फार्मा समाधान कारोबार ने जीएंडडब्ल्यू लैबोरेटरीज की अमेरिका स्थित दवा विनिर्माण इकाई का अधिग्रहण करने के लिए उसके साथ एक समझौता किया है। इस सौदे की कीमत 1.75 करोड़ डॉलर (130 करोड़ रुपये से अधिक) है।

एमजंक्शन ने आयुध कारखाना बोर्ड (ओएफबी) के लिए एक ई-खरीद मंच शुरू किया है। बी2बी ई-कॉमर्स क्षेत्र की कंपनी ने कहा कि यह सात साल तक परिचालन में रहेगा।

नेस्ले इंडिया ने कहा कि उसके चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) सुरेश नारायणन के कार्यकाल को पांच साल बढ़ाने के लिये शेयरधारकों की मंजूरी मिल गयी है।'चेरियट्स ऑफ फायर' और 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' जैसी फिल्मों के मशहूर अभिनेता इयान होम का निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे।

## 28-06-2020

अभिनेता बेनेडिक्ट कंबरबैच, कर्टनी कॉक्स, ज़ैक एफ्रॉन, शिया ला बियॉफ़ और गायक केली क्लार्कसन मनोरंजन उद्योग की 35 हस्तियों में शामिल हैं, जिन्हें 2021 में हॉलीवुड वॉक ऑफ़ फ़ेम में स्टार प्राप्त करने के लिए चुना गया है।

सरकार ने लगभग 22 लाख हेल्थकेयर प्रदाताओं के लिए 50 लाख रुपये की बीमा योजना को तीन महीने के लिए सितंबर तक बढ़ा दिया है क्योंकि कोविड-19 महामारी से कोई राहत नहीं मिली है।

वर्ष 1971 में भारत-पाक युद्ध के दौरान साहस और पराक्रम दिखाने वाली सेना की 20 माउंटेन डिवजीन के कमांडर रहे मेजर जनरल (अवकाशप्राप्त) लक्ष्मण सिंह लेहल का निधन हो गया है। वह 97 साल के थे।

जर्मन लक्जरी कार निर्माता बीएमडब्ल्यू ने 1 अगस्त से विक्रम पाहा को बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है।

फोर्ब्स के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ के चेयरमैन मुकेश अंबानी $64.6 अरब (₹4,926 अरब) नेटवर्थ के साथ दुनिया के 9वें सबसे अमीर शख्स बन गए हैं और वह दुनिया के शीर्ष 10 अमीरों में इकलौते एशियाई कारोबारी हैं।

वायरकार्ड के सीईओ मार्कस ब्रौन ने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है क्योंकि जर्मन भुगतान फर्म ने माना कि लगभग 2 बिलियन डॉलर नकद शेष गायब हो गए थे।

नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने ट्रांसजेंडर अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए एक्वा लाइन के सेक्टर 50 मेट्रो स्टेशन का नाम 'शी-मैन' रख दिया।

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल)ने अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम),नीति आयोग के साथ देश भर में इसके प्रमुख नवाचार और उद्यमिता पहलों का सक्रिय रुप से मदद करने के लिए मिशन के साथ साझेदारी करने पर सहमति जताई है।

सुमित बाली ने अन्य कैरियर अवसर के लिए आईआईएफएल फायनेंस के सीईओ पद से इस्तीफा दे दिया है, सीईओ की जिम्मेदारी अब कार्यकारी चेयरमैन निर्मल जैन संभालेंगे।

पौराणिक-कथा लेखक अमीश त्रिपाठी की नयी पुस्तक 'लीजेंड ऑफ सुहेलदेव: द किंग हू सेव्ड इंडिया' का विमोचन हुआ जो बहुचर्चित राजा सुहेलदेव के जीवन पर आधारित है।

## 29-06-2020

हरियाणा के सोनीपत स्थित ओ. पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के जिंदल इंस्टीट्यूट ऑफ बिहेवियोरल साइंसेज ने वैश्विक अकादमिक प्रकाशक स्प्रिंगर नेचर ग्रुप सिंगापुर के साथ पुस्तकों के सह-प्रकाशन, मोनोग्राफ और पुस्तकों के संपादन के सहयोग के लिए एक समझौते की घोषणा की।

जहाजरानी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने भारत के सबसे बड़े पहले वर्चुअल हेल्थकेयर एंड हाइजीन एक्सपो 2020 का उद्घाटन किया। एक्सपो का आयोजन फिक्की द्वारा किया गया है।

अमेरिका की प्रतिष्ठित पत्रिका टाउन एंड कंट्री ने अपने गृष्म अंक में कोरोनावायरस महामारी के बीच लोगों की जिंदगियां बचाने में जुटीं नीता अंबानी और रिलायंस फाउंडेशन को 2020 के शीर्ष परोपकारी की सूची में शामिल किया है।

आईसीआईसीआई बैंक ने अपनी अनुषंगी जीवन बीमा इकाई 'आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी' में 1.5 प्रतिशत हिस्सेदारी 840 करोड़ रुपये में बेच दी, इससे उसे अपने बहीखाते दुरुस्त करने में मदद मिलेगी।

जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी बायोकॉन ने सिंगापुर और थाइलैंड में अपने सात जेनरिक उत्पादों के वितरण के लिये डीकेएसएच के साथ समझौता किया है।

फिच रेटिंग ने भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक सहित नौ भारतीय बैंकों के परिदृश्य को संशोधित कर स्थिर से नकारात्मक कर दिया, कोरोना वायरस महामारी के अर्थव्यवस्था पर पड़े प्रभाव को देखते हुये भारत की सॉवरेन रेटिंग में किये गये बदलाव को देखते हुये यह कदम उठाया गया है।

अमेरिकी वित्त विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, भारत के पास अप्रैल के अंत में 157.4 अरब अमेरिकी डॉलर की अमेरिकी सरकारी प्रतिभूतियां थीं, जिसके साथ वह इन प्रतिभूतियों का 12वां सबसे बड़ा धारक बन गया।

भारत में जन्मे प्रसिद्ध पाकिस्तानी शिया विद्वान और लेखक तालिब जौहरी का निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे।

रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक विकेट लेने वाले दिग्गज भारतीय स्पिनर राजिंदर गोयल का निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे।

विश्व की पूर्व नंबर एक महिला गोल्फर और दो बार की मेजर चैंपियन सो इयोन रियु ने कोरिया महिला गोल्फ ओपन का खिताब जीता, कोविड-19 महामारी के कारण उनका चार महीने में पहला टूर्नामेंट है।

## 30-06-2020

उपराज्यपाल गिरीश चंद्र मुर्मू ने जम्मू कश्मीर में अधिवास प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया की शुरूआत की जिसके तहत ई-आवेदन और प्रमाणपत्र जारी किए जा सकते हैं, इसके तहत उत्तर कश्मीर के सोपोर की रहने वाली लड़की आलिया तारिक को पहली बार ऑनलाइन मोड के माध्यम से प्रमाण पत्र दिया गया।

सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सरकारी कोविड अस्पतालों को 50 हजार मेड इन इंडिया वेंटीलेटर की आपूर्ति के लिए पीएम केअर्स फंड ट्रस्ट से 2 हजार करोड़ रूपये आवंटित किए गए हैं।

उत्तर प्रदेश, मऊ स्टेशन पर तैनात कोचों के साथ रेलवे के कोरोनावायरस आइसोलेशन वार्डों का उपयोग करने वाला पहला राज्य बन गया है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने व्यापार सुगमता के उद्देश्य से कागजरहित सीमा शुल्क निर्यात प्रसंस्करण शुरू किया।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि भारत 2030 तक निम्न आय वाले देश से मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्था में रूपांतरित होगा।

भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज और घरेलू क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी वसीम जाफर को आगामी घरेलू सत्र के लिए उत्तराखंड का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन के चुनाव प्रचार अभियान दल से भारतीय-अमेरिकी गौतम राघवन जुड़ गए हैं।

फिच रेटिंग्स ने भारती एयरटेल की दीर्घावधि में विदेशी मुद्रा ऋण साख को 'स्थिर' से बदलकर 'नकारात्मक' कर दिया है। उसने कंपनी की ऋण साख 'बीबीबी माइनस' रखी है, यह सबसे निचली निवेश श्रेणी है।

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार में 2020 में 3.1 फीसदी की गिरावट आने का अनुमान व्यक्त किया।

यूटीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) को बाजार नियामक सेबी से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 3,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि जुटाने को मंजूरी मिल गयी है।